आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 05.11.2024 समय : 18.30 पीएम

- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन के कथित घोटाले में 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

- सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा–सभी निजी सम्पत्तियां समुदाय के भौतिक संसाधनों का हिस्सा नहीं।

- संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर से।

- रणथम्भौर बाघ अभ्यारण्य में लापता बाघों के मामले में तीन सदस्यों की जांच समिति गठित।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय हुए कथित घोटाले को लेकर पूर्व मंत्री महेश जोशी समेत 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें विभाग के वित्तीय सलाहकार सुशील शर्मा, तत्कालीन मुख्य अभियंता राम करण मीणा और दिनेश गोयल समेत विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य अभियंता और अन्य अधिकारी शामिल हैं। यह एफआईआर ब्यूरो के अधिकारियों की ओर से पिछले साल की गयी कार्रवाई में सामने आये तथ्यों के बाद 30 अक्टूबर को दर्ज की गयी है। एफआईआर के अनुसार जलदाय विभाग में बहरोड़ के तत्कालीन अधिशाषी अभियंता मायाराम सैनी से हुई पूछताछ से सामने आया कि जल जीवन मिशन के काम में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। कई फर्मों को फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर अधिकारियों ने मिलीभगत कर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर टेंडर दिये। ब्यूरो के अनुसार करीब 980 करोड़ रूपये मूल्य के टेंडरों में कथित घोटाला या फर्जीवाड़ा हुआ है। गौरतलब है कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इस मामले को तथ्यों सहित उठाते हुए जल जीवन मिशन में व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि सभी निजी सम्पत्तियां समुदाय के ऐसे भौतिक संसाधनों का हिस्सा नहीं है, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 39बी के तहत सरकार अनिवार्य रूप से पुनः वितरित कर सके। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि कुछ निजी सम्पत्तियां इस श्रेणी के अंतर्गत आ सकती हैं, बशर्ते वे समुदाय के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी हों।

प्रमुख न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यों की पीठ ने एक के मुकाबले आठ मतों के बहुमत से ये फैसला दिया। न्यायालय के इस फैसले ने पूर्ववर्ती उन निर्णयों को रद्द कर दिया है, जिनमें निजी संसाधनों को व्यापक तौर पर सामुदायिक परिसम्पत्तियों में शामिल किया गया था।

000

संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ 26 नवम्बर को सदन के केन्द्रीय कक्ष में मनाई जाएगी। शीतकालीन सत्र 20 दिसम्बर तक चलेगा।

000

केंद्र सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को स्थिर रखने के साथ–साथ किसानों को उनके कृषि उत्पादों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में, उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज नई दिल्ली में भारत ब्रांड चावल और आटा योजना के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। भारत ब्रांड आटा 30 रुपये प्रति किलो और भारत ब्रांड चावल 34 रूपये प्रति किलो के मूल्य पर उपलब्ध है। उद्घाटन के बाद श्री जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत ब्रांड चावल और आटा की बिक्री से किफायती दरों पर आपूर्ति बढेगी और बाजार में इन आवश्यक खादय पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकेगा। भारत ब्रांड के उत्पाद केन्द्रीय भंडार, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ से खरीदे जा सकते हैं।

000

नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर विनोद के. पॉल ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमता यानी ए आई स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई औपचारिक स्थितियों के प्रति सटीक और सही दृष्टिकोण अपनाने में मदद करती है। उन्होंने भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ–फिक्की के 18वें वार्षिक स्वास्थ्य देखभाल सम्मेलन में यह बात कही। दो दिन के इस सम्मेलन का विषय है – ''स्वस्थ भारत विकसित भारत''। इस विषय पर डॉक्टर पॉल ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं विकसित देशों के स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति देश के आय स्तर को बढाने में मदद करेगा। मीडिया से बातचीत में डॉक्टर पॉल ने कहा कि देश को सबसे बड़ा उपभोक्ता बनने के बजाय प्रौद्योगिकी का सबसे बड़ा उत्पादक बनने का लक्ष्य रखना चाहिए।

000

वन विभाग ने रणथम्भौर बाघ अभ्यारण्य में पिछले एक–दो साल में लापता हुए बाघों के मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यों की जांच समिति बनाई है। विभाग के मुख्य वन्यजीव संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय की ओर से इस बारे में आदेश जारी किये गये। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव राजेश कुमार गोयल, जयपुर के वन संरक्षक टी. मोहनराज तथा भरतपुर के उप वन संरक्षक मानस सिंह को जांच समिति का सदस्य बनाया गया है। ये समिति दो महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। आदेश में कहा गया है कि टाइगर मॉनिटरिंग रिपोर्ट में लगातार बाघों के गायब होने की सूचना आ रही है। 14 अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट के अनुसार करीब 25 बाघों की उपस्थिति के पुख्ता साक्ष्य पिछले कुछ महीनों में नहीं मिले हैं।

यह कमेटी बाघों के लापता होने के बाद उन्हें खोजने के लिए किए गए प्रयासों की जांच करेगी। समिति किसी अधिकारी और कर्मचारी की लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई समेत अन्य मामलों पर अपने सुझाव देगी।

000

विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रदेश के छह निर्वाचन क्षेत्रों में आज भी होम वोटिंग के माध्यम से वोट डलवाए गए। सलूम्बर में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं में होम वोटिंग घर बैठे वोट डालने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। झुंझुनूं, चौरासी, देवली–उनियारा, रामगढ और खींवसर में भी होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं ने वोट डाले। होम वोटिंग प्रक्रिया का पहला चरण 8 नवम्बर को पूरा होगा। दूसरा चरण 9 और 10 नवम्बर को होगा। दौसा में होम वोटिंग कल से शुरू होगी।

दौसा में उपचुनाव के मद्देनजर जिला कलेक्टर देवेन्द्र यादव और पुलिस अधीक्षक रंजिता शर्मा ने लवाण क्षेत्र में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक स्विप्नल शरद और सामान्य प्रेक्षक के विवेकानंदन ने आज जिला स्तरीय एकीकृत नियंत्रण कक्ष और एसबीपी कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों में लिप्त सरकारी कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं सलूम्बर में पार्टी विशेष के लिए प्रचार–प्रसार करने के मामले में 17 सरकारी शिक्षकों को एपीओ किया गया है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी चार देशों की यात्रा के तहत आज ऑस्ट्रेलिया के सिडनी पहुंचे। श्री देवनानी का सिडनी पहुंचने पर अधिकारियों ने स्वागत किया। श्री देवनानी ने सिडनी में आयोजित भारत रीजन के 67वें राष्ट्र–मण्डल संसदीय संघ के सम्मेलन की डेलीगेट ब्रीफिंग में भाग लिया। श्री देवनानी इस यात्रा के दौरान विभिन्न देशों के विधायी निकायों का अवलोकन करने के साथ संसदीय प्रतिनिधियों के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व के शुभारंभ के मौके पर आज देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने उपवास रखने वाले सभी लोगों को विशेष शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश में कई स्थानों पर छठ पर्व मनाया जा रहा है। पाली में नहाय–खाय की रस्म के साथ ही छठ पर्व की शुरुआत हुई। आज व्रती महिलाओं ने घरों में पूजा–अर्चना की। परम्परा के अनुसार महिलाओं ने छठी मैया के गीत गाए। रेलवे ने छठ पर्व पर कोटा से पटना के बीच विशेष रेलगाडी चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेन पटना से 9 नवम्बर को और कोटा से 10 नवम्बर को चलेगी।

000

जोधपुर में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा एक कार और ट्रक की आमने–सामने की टक्कर से हुआ। दुर्घटना में चार घायल हुए हैं। घायलों जोधपुर के एम्स में भर्ती करवाया गया है। बोरानाड़ा थाना क्षेत्र के भांडू गांव के पास हुए इस हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया।

000

सवाईमाधोपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बालविवाह रोकथाम के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बालविवाह के दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही बाल विवाह रुकवाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया, शिकायत के लिए संबंधित विभाग, बालविवाह के संबंध में सजा के प्रावधान के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बालविवाह रोकथाम के प्रति आमजन को जागरूक करने और बालविवाह का समर्थन नहीं करने के संबंध में शपथ दिलाई गई। प्राधिकरण की कार्य योजना के तहत देवउठनी एकादशी के अवसर पर आमजन को बालविवाह रोकथाम के संबंध में जागरूक करने के लिए आज से सप्ताहभर तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

000

दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इस्वेस्टमेंट समिट से पहले शिक्षा विभाग, कौशल और उद्यमिता विभाग तथा खेल तथा युवा मामलात विभाग की ओर से कल एजुकेशन प्री–समिट आयोजित होगा। जयपुर में होने वाले इस शिक्षा सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मौजूद रहेंगे। समिट में मुख्य रूप से शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और निवेश और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की जाएगी।

000